‘निर्भया: एक पहल’

चर्चा में क्यों?

29 सितंबर, 2021 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा महिलाओं में उद्यमिता कौशल को प्रोत्साहित करने के लिये ‘निर्भया: एक पहल’ लॉन्च किया गया।

प्रमुख बिंदु

- गौरतलब है कि महिलाओं और **बेटियों की सुरक्षा, स्वाभिमान एवं स्वावलंबन के लिये उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मिशन ‘शक्ति’** प्रारंभ किया गया था। इस **मिशन के तीसरे चरण में** अब **‘निर्भया: एक पहल’** अभियान प्रारंभ किया गया है, जिसका वित्तीयन **निर्भया फंड** से किया जाएगा।
- इसके तहत राज्य के **प्रत्येक ज़िले से लगभग 1000-1000 महिलाओं**, अर्थात् कुल 75,000 महिलाओं को प्रशिक्षण किट वितरित की जाएगी।
- इस तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण अभियान का **क्रियान्वयन राज्य के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा** किया जाएगा, जिसमें उन्हें यह बताया जाएगा कि केंद्र और राज्य सरकार की कौन-कौन सी योजनाओं का लाभ उन महिलाओं को मिल सकता है, जो अपना उद्यम शुरू करना चाहती हैं।
- उद्यम शुरू करने के लिये **प्रशिक्षण के पश्चात् अगले तीन महीनों में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से पूंजी उपलब्ध कराने में राज्य सरकार द्वारा सहायता** की जाएगी।
- इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री द्वारा **हेल्पलाइन नंबर 18002126844** तथा **वेबसाइट** https://msmemissionshakti.in / एवं **एक मोबाइल ऐप** लॉन्च किया गया, ताकि महिला उद्यमियों को उद्यमिता संबंधी सभी सूचनाएँ एक ही जगह पर प्राप्त हो सकें।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/nirbhaya-ek-pahal